- निश्चित करें कि उस क्षेत्र में सभी लोगों को चेतावनी दी जा चुकी है, उनको बचकर निकलने में मदद करें।
- फायर अलार्म बजाएंा
- दमकलविभाग को टेलीफोन से सूचित करें। सटीक पता दें।
- आग के केन्द्र पर अग्निरोधी उपकरण इस्तेमाल करते हुए आग को काबू रखने का प्रयास करें।

FIRE SAFETY

If you have to carry out 'Hot Work' i.e. work with tools or equipment that generate open flame or sparks, you must take special precautions:
Perform Safe Job Analysis (SJA).
You must always have the correct fire extinguishing equipment available.

If you discover a fire

- When you discover a fire you must take responsibility and spring into action:
- Ensure that all others in that area are warned, allowing them to escape.
- Activate the fire alarm.
- Call the Fire Department on telephone. Give accurate address.
- Try to put out the fire by aiming the fire extinguisher at the base of the fire.

अग्निरोधी उपकरण

सभी अनुमोदित अग्निरोधी उपकरण उस आग से चिन्हित होने चाहिए, जिसके लिये वे खासतौर से बनाए गए हैं। सेक्शन 3 प्रीपेयर्डनेस पहुंच अनुमति याद रखें

उठाकर ले जाने योग्य अग्निरोधी उपकरणों का वर्गीकरण

क्लॉस ए : ठोस वस्तुओं, खासतौर से कार्बनिक स्रोतों की आग, जो सामान्यतया चमक के साथ जलती है।

क्लॉस बी :तरल या ठोस पदार्थों की आग जो तरल में बदल सकती है।

क्लॉस सी :गैसों की आग।

क्लॉस डी :धातुओं की आग।

क्लॉस ई : विद्युत आग।

नोट: *विद्युत उपकरणों की आग बुझाने में (1000 वोल्ट एसी और 1500 वोल्ट डीसी के अनुरूप अलग-अलग) उपयुक्त अग्निरोधी उपकरणों पर चिन्हित होना चाहिए।*

Fire Extinguishers

All approved fire extinguishers are marked with the type of fire they are intended for. Section 3 Preparedness Remember Access Permission Classification of Portable Fire Extinguishers
Class A: Fires in solid materials, mainly of organic sources, which normally burn with a glow.
Class B: Fires in liquids or solid materials which can turn into a liquid.
Class C: Fires in gases.
Class D: Fires in metals.
Class E: Electrical Fire.
Note: Suitability for use in electrical equipment fires (up to 1000 V AC and 1500 V DC) must be indicated on the extinguisher.

प्राथमिक चिकित्सा का पहुंच में होना सुनिश्चित करें

विशेषज्ञों की मदद पहुंचने से पूर्व दुर्घटना स्थल पर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करायें।

दुर्घटना होने के बाद घायल व्यक्ति को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उपचार मिल पाने में हमेशा कुछ न कुछ समय लग जाता है। इस अवधि में घायल व्यक्ति की सहायता किया जाना अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। समुचित प्राथमिक चिकित्सा- जीवन बचाती है, स्थायी नुकसान होने से रोकती है, पीड़ा को कम करती है, घायल को जल्दी ठीक होने में योगदान करती है।

MAKE SURE FIRST AID IS AT HAND

Facilitate first aid at the accident site before qualified help arrives.

There will always be a delay from the time of the accident until the victim can be treated by qualified personnel. In this period it is very important that the injured person receives assistance. Proper first-aid can: save life – prevent permanent damage – reduce pain – contribute to an early recuperation of the victim.

यदि आप दुर्घटनास्थल पर पहुंच सकें,तो यह जिम्मेदारी संभालें:

✓ दुर्घटनास्थल पर सुरक्षा।
✓ आपातकालीन नम्बरों पर कॉल करें।
✓ प्राथमिक चिकित्सा सहायता की व्यवस्था करें।
✓ गतिविधियों की अगुवाई करें और सीधे, सरल निर्देश दें।

If you reach the accident site, take charge

- ✓ Secure the accident site
- ✓ Call the emergency number
- ✓ Organize first-aid assistance
- ✓ Delegate activities and give direct, simple instructions.

डरना ठीक है, लेकिन शांत और दृढ़ रहना जरूरी है

✓ जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा दें।

✓ जांच कर निश्चित करें कि घायल सांस ले रहा है। हवा आने का रास्ता बनायें।

✓ खून बहना रोकें।

✓ सांस नहीं ले रहे अचेत घायल के लिये कृत्रिम सांस की व्यवस्था करें।

Being afraid is ok, but stay calm and decisive

- ✓ Give life-saving first-aid.
- ✓ Make sure that the victim is breathing. Keep air passages free
- ✓ Stop the bleeding
- ✓ Start resuscitation of the unconscious victim, who is not breathing.

अचेत व्यक्ति की जांच करें और होश में लाने का प्रयास करें

✓ आहिस्ता से घायल के कंधों को थामकर उसे हिलायें और पूछें:क्या आप सचेत हैं?

✓ यदि घायल सचेत हो, चोटों की जांच करें।

✓ यदि घायल अचेत हो, सांस की जांच करें।

✓ आपात नम्बरों पर फोन करें

✓ सांस की जांच करना

- हवा आने का रास्ता बनायें। सिर को पीछे झुकाएं और जबड़े को दो अंगुलियां अंदर डालते हुए खोलें।अपने गाल/कान, घायल के मुंहऔर नाक के करीब रखें,
- सांस लेने की क्रिया को सुनने और महसूस करने का प्रयास करें।
- सीने का नीचे गिरना और ऊपर उठना जांचें।
- इस प्रकार हालात का मूल्यांकन करने के बाद और प्राथमिक चिकित्सा वाले व्यक्ति के आने से पूर्व आपको अपने पास मौजूद जीवनरक्षक प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था करनी चाहिए।

✓ घायल को स्थिर सीधी दशा में रखें। समुचित सांस लेना सुनिश्चित करें।

✓ घायल को उसके साइड में हवा के अवमुक्त प्रवाह के लिये लिटाया जा सकता है।

✓ सिर को पीछे की ओर झुकाएं और चेहरे को इस भांति रखें कि मुंह नीचे को रहे, हाथ ठोढ़ी को नीचे से सहारा
दें।

✓ मुंह से खून या उल्टी साफ करें।

✓ निरंतर जांच करें कि व्यक्ति सांस ले रहा है।

✓ *अचेत व्यक्ति, जो सांस नहीं ले रहा हो, उसे फौरन कृत्रिम सांस दें।*

✓ मदद के लिये बुलायें-आपात नम्बरों पर कॉल करें।

✓ सिर को पीछे की ओर झुकाएं, एक हाथ माथे पर रखें और नथुनों को दो अंगुलियों से दबायें।

✓ निचले जबड़े को अपने दूसरे हाथ की तर्जनी और मध्यमा अंगुलियों से उठाएं।

✓ व्यक्ति के मुंह को अपने मुंह से ढकें, हवा फूंकेंऔर सीने का उठना गिरना जांचें।

✓ आहिस्ता से फूंकें, जल्दबाजी न करें।

✓ हवा निकलने दें और सीना नीचे जाने दें।

✓ सीना दबाने से पहले दो बार हवा फूंकें।

✓ *हृदय/फेफड़ों को चालू करना*

- हथेली को निपल्स के मध्य में रखें। दूसरे हाथ को पहले हाथ पर रखें। अंगुलियों को सीने पर से उठायें।
  आपका केवल अपनी हथेली से दबाना है। बाहें सीधी रखें।
- 100 प्रति मिनट की लगभग आवृत्ति के साथ 30 बार दबायें। हर बार दबाये जाने पर पसलियों को लगभग
- 4-5 सेमी. दबना चाहिए।
  दो बार लगातार हवा फूंकें। इसके बाद 30 बार दबायें। डॉक्टर के आने या चिकित्सकीय सहायता के प्राप्त
  होने तक यही जारी रखें।

✓ *घातक रक्तस्राव रोकें।*

धमनियों से रक्तस्राव नाड़ी की गति के साथ निकलता है। इस प्रकार का रक्तस्राव जानलेवा हो सकता है। इसे निम्न प्रकार से रोका जाना चाहिए:

- चोटस्थल पर सीधे दबाव बनायें।
- रक्तस्राव वाले अंग को ऊंचा उठायें।
- कसकर पट्टी बांधें।

✓ *कटी-फटी बांह या पैर के लिये, रक्तबंध लगायें।*

- रक्तबंध को घाव के जितना करीब हो सके, बांधें।
- रक्तबंध में एक खपच्ची बांधें और समुचित दबाव के साथ कसें।
- बांधने के लिये चौड़ी पट्टी का इस्तेमाल करें।

✓ रक्तसंचार में कमी आने से रोकें।

रक्तस्राव के कारण या अग्नि से जलने के कारण ज्यादा तरल हानि होने से रक्तसंचार मन्द पड़ सकता है।

- बाहरी रक्तस्राव रोकते समय, पैरों को उठाये रहने से और घायल को गर्म रखने से इसे रोका जा सकता है।
- मन्द रक्तसंचार वाले घायल को कभी भी तरल पेय न दें।
- घायल व्यक्ति की हालत की निरंतर जांच की जानी चाहिये।
- चोटें अचानक गंभीर हो सकती हैं और अतिरिक्त प्राथमिक चिकित्सा की जरूरत पड़ सकती है। लोगों की मौजूदगी, सकारात्मक और सहयोगी असर डालती है।

EXAMINE THE UNCONSCIOUS PERSON AND TRY TO GET CONTACT.

- ✓ Try to wake up the victim by gently shaking his Shoulders and call: Are you awake?
- ✓ If the victim awakes – look for injuries.
- ✓ Is the victim unconscious – check breathing.
- ✓ Call the emergency Number
- ✓ Check breathing
  - Free air passages: move the head backwards and lift the jaw forward with two fingers under the jaw.
  - Hold your cheek/ear close to the victim's mouth and nose – listen and feel for breathing.
  - Check if the chest moves up and down.
  - Life-saving first-aid covers those activities you must carry out after the evaluation of the situation and before the first-aid personnel arrives.

- ✓ Place in stable lateral position, ensuring proper Breathing.
- ✓ The injured person is placed on his side to ensure free air passage.
- ✓ Bend the head backwards and place the face with the mouth low, with the hand as support under the cheek.
- ✓ Remove blood and vomit from the mouth.
- ✓ Continuously check that the person is breathing.
- ✓ Unconscious person who is not breathing, Start resuscitation
- ✓ Summons help – call the emergency Number
- ✓ Bend the head backwards. Place a hand on the
- ✓ Forehead and pinch the nostrils with two fingers.
- ✓ Lift the lower jaw with the index- and middle finger of your other hand.
- ✓ Cover the person's mouth with your mouth, blow in air and check that the chest moves upward.
- ✓ Blow Slowly and not too vigorously.

- ✓ Let the air escape and check that the chest descends again.
- ✓ Repeat the blowing twice before chest Compression

✓ Heart / Lung rescue

- Place the base of the hand centered between the nipples. Place the other hand on top of the first hand. Lift the fingers from the chest. You must only press with the base of the hand. Arms straight.
- Apply 30 compressions with a frequency of about 100 per minute. The breastbone must be pressed down approximately 4-5 cm with each compression.
- Continue to blow in air 2 times, followed by 30 compressions, etc. Carry on until a doctor or medic can take over.

✓ Stop severe bleeding.

Arterial bleeding is characterized by pulsating discharge. This type of bleeding can be mortal. It can be stopped as follows:

- Apply direct pressure at the injury location.
- Raise the bleeding location.
- Apply a pressure bandage

✓ For Torn arm or leg, ***apply a tourniquet.***

Apply the tourniquet as close to the wound as possible. Attach a stick to the tourniquet and turn to apply proper pressure.
Use wide bandage material.

✓ Prevent loss of blood circulation.

Large fluid loss caused by bleeding or burns can result in loss of blood circulation. Stopping the external bleeding, elevating the legs and keeping the victim warm can prevent this.

- Never give liquids to an injured person with loss of blood circulation!

- An injured person must be constantly watched.
- Injuries can suddenly worsen, requiring additional
- First-aid assistance. The presence of people can have a calming and supporting effect.

कार्य और पहुंच अनुमतियां

विशिष्ट कार्य या विशिष्ट कार्यक्षेत्रों में आदर्श सुरक्षा स्थिति प्राप्त करने के लिये, कार्य अनुमति प्राप्त करने की जरूरत हो सकती है, साथ ही सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण में भाग लिया जाना और घटना स्थल पर सही सुरक्षा उपायों और उपकरणों का उपलब्ध होना भी आवश्यक है। ओएचएस आवश्यकताओं से परिचित होना जरूरी है और कार्यस्थल पर लागू नियमों और प्रक्रियाओं का पालन किया जाना चाहिए।
तैयार रहें

WORK AND ACCESS PERMISSION

To achieve optimum safety for special work or within special areas, it is required to obtain a work permit, Participate in related training and have the correct safety measures and -equipment in place. It is important to be familiar with OHS requirements and follow the rules and procedures, which are applicable on the work site.

हानिकर उत्पाद

हम अपने कार्यस्थल पर ऐसे अनेक उत्पाद उपयोग करते हैं, जो छोटी और लंबी दोनों समयावधियों में स्वास्थ्य समस्याएं खड़ी कर सकते हैं। उत्पाद के बारे में दिये गये सुरक्षा विवरण पत्रक को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्पाद का सावधानीपूर्वक उपयोग करें।

नुकसानदेह पदार्थ

- लेबल पर दिये निर्देशों का पालन करें और कार्यस्थल पर उपयोग किये जाने वाले प्रत्येक रासायनिक उत्पाद के लिये संदर्भित मैटेरियल सेफ्टी डेटा शीट (एमएसडीएस) का पालन करें।
- बिना लेबल लगे कन्टेनरों और अचिन्हित सिलेंडरों में मौजूद रसायनों का प्रयोग न करें।

BE PREPARED

Noxious Products

Many products we use in our work can cause health problems, both immediate and long term. Read the" Safety data sheet" for the product you are about to use carefully.

Hazardous material

- Follow the instructions on the label and in the corresponding Material Safety Data Sheet (MSDS) for each chemical product used in your workplace.
- Do not use chemicals from unlabeled containers and unmarked cylinders.

सदैव व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनें

कार्य स्थितियों के अनुरूप आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण अवश्य उपयोग में लाये जाने चाहिए, चाहे इनको पहनना असुविधाजनक हो और इससे आपको कार्य पूरा करने में अधिक समय लगे। विभिन्न कार्यस्थल और कार्यप्रक्रियाओं में अलग प्रकार के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की आवश्यकता होती है। इन आवश्यकताओं को जानें और इनका पालन करें।

ALWAYS WEAR PERSONAL SAFETY EQUIPMENT

Personal safety equipment, as required by the work conditions, must be used, even if it can cause discomfort and may take you longer to finish the job. Different work sites and operations have different requirements for the use of personal safety equipment. Get acquainted with these requirements and follow them.

वेल्डिंग में सुरक्षा

वेल्डिंग में आग और चिनगारियां निकलती हैं और यह आग लगने या विस्फोट होने का कारण बन सकती है और हानिकारक धुआं, गैस और धूल (आर्क वेल्डिंग) जैसे वायु प्रदूषण उत्पन्न करती है। वेल्डिंग में एक तीखी चमक भी उत्पन्न होती है, जिससे आंखों को नुकसान पहुंच सकता है।

- सभी गैस सिलेंडरों के लिये नॉन रिटर्न वॉल्व और फ्लैशबैक अरेस्टर्स की व्यवस्था करें।

Protection in welding

Welding can cause fire and explosion danger and creates air pollution as noxious smoke, gas, and dust (Arc welding). Welding also generates a strong flash, which may cause eye damage.

- Install flashback arrestors and non-return valves for all gas cylinders

अस्थायी इंस्टालेशन और उपकरण

अस्थायी इंस्टालेशन या बिजली के उपकरणों को बदलने/मरम्मत करने के काम केवल कुशल व्यक्तियों/कारीगरों द्वारा किये जाने चाहिये।

- रिसेप्टेकल्स में कभी भी ढीले तार न लगायें।
- घर के बने फ्यूज कभी प्रयोग न करें।
- दोषयुक्त उपकरणों का कभी प्रयोग न करें (ये जानलेवा साबित हो सकते हैं)
- दोषयुक्त उपकरणों, केबल, प्लग आदि को मरम्मत के लिये भेजें।
- घिसे-पिटे उपकरणों का प्रयोग मत करें।

Temporary Installations And Tools

Only skilled personal/craftsmen may carry out temporary installations or change / repair electrical tools.

- Never insert loose wires in receptacles.
- Never use home-made fuses.
- Do not use defective tools (danger to life).
- Send defective tools, cable, plugs, etc for repair.
- Do not use worn out or rounded tools
- Do not use tools with “Mushroom Head”

दुर्घटना रोकथाम

गतिहीन और बार-बार की जाने वाली मांसपेशियों की गतिविधियां

इस प्रकार का कार्य असुविधाजनक हो सकता है। गतिहीन खिंचाव, मांसपेशियों में छोटी या लम्बी अवधि में कुछ तनाव उत्पन्न कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप रक्त का प्रवाह घट सकता है और इसलिये मांसपेशियों की कोशिकाओं को कम ऑक्सीजन मिल पाती है। इससे अनुपयुक्त उत्पाद संचय होता है। इसके नतीजे के तौर पर मांसपेशियों में दर्द, और लम्बी अवधि में स्थायी रूप से बीमारियां आ सकती हैं।

Accident Prevention

Static and repetitive muscle activities

This type of work can be uncomfortable. Static strain maintains the muscles in the same tension over a shorter- or longer period. This results in reduced blood flow and thus less oxygen to the muscle cells, which in turn leads to the accumulation of waste products. The result is muscle pain, and in the long-term chronic ailments.

बीमारी रोकथाम की जानकारी:

छोटे विराम, खिंचाव एक्सरसाइज, कार्यस्थल का खाका और संगठन, सभी मांसपेशी समूहों की नियमित ट्रेनिंग,
सही उपकरण।

यदि आप अपने हाथों को अपने कंधों से अधिक उंचाई पर रखकर कार्य कर रहे हैं या स्टेशनरी डेस्कटॉप कार्य करते हैं, तो खिंचाव से लगने वाली चोटों के प्रति सचेत रहें।

Catch Words for Ailment Prevention:
Mini breaks, stretch exercises, layout and organization of the work place, regular training of all muscle groups, Correct tools. Be aware of strain injury if you are working with your hands over shoulder height or perform stationary desktop work.

भार उठाना और ले जाना

कार्य की एकरूपतापूर्ण आवृत्ति, खिंचाव चोटों को जन्म दे सकती है। ऐसी बीमारियों के जोखिम कम करने के लिये आपको निम्न पर विचार करना चाहिए:

- कार्य का समुचित संगठन
- कार्य चक्र
- जिम्नॉस्टिक ब्रेक
- मिनी ब्रेक
- कार्यस्थल का ढांचा

यह भी ध्यान दें कि आप किस अवस्था में- खड़े, चल रहे, बैठे, भार ले जा रहे, भार उठा रहे, खींच/धकेल रहे हैं। भार उठाने की सही तकनीकों और मुद्राओं का प्रयोग करें।

Lifting and Carrying

Uniform repetitive is work one of the main causes of strain injuries. To reduce the risk of such ailments you should Consider:

- Proper work organization
- Job rotation
- Break gymnastics
- Mini breaks
- Layout of the work place

Also consider how you: Stand, walk, sit, carry, lift, push/pull
Use the correct lifting technique and posture

भार उठाने के उपकरण

केवल अनुमोदित उपकरणों का प्रयोग करें जो प्रमाणपत्र संख्या और अनुमन्य अधिकतम कार्यकारी भार से चिन्हित हों।
भार उठाने के दोषपूर्ण उपकरणों पर लेबल लगाकर उनको कार्यस्थल से अवश्य ही हटा दिया जाना चाहिए।

- एक लटकते भार के नीचे या आस-पास कोई खड़ा न हो।
- भार उठाने वालेउपकरण को धारदार कोरों से क्षतिग्रस्त होने से बचायें।
- भार उठाने से पहले, रस्सियों और बंधों की जांच करें।
- भार उठाने वाले कार्यक्षेत्र में अनधिकृत प्रवेश रोकने के लिये घेराबन्दी करें।
- लिफ्टिंग सुपरवाइजर, रिगर और सिग्नलमैन को भार से एक निश्चित दूरी पर खड़े होना चाहिए।
- विशिष्ट गतिविधियां और उपकरण

Lifting Equipment

Use only approved equipment, marked with certificate number and permissible maximum working load. Defective lifting equipment must be labeled and removed from the working site.

- Nobody must stand under or near a hanging load.
- Protect the lifting equipment from damage caused by sharp edges.
- Before lifting, visually check the ropes and slings for defects
- Barricade the lifting zone to prevent unauthorized entry. The lifting supervisor, rigger and signalman should stand a distance away from the load
- Use tag line to control bulky load
- Extend the outrigger fully
- Do not stand under suspended load
- Do not ride the load

संकरे क्षेत्रों में कार्य करना

कन्टेनर्स, ब्वॉयलर्स, सिलोस, वेल्स, पाइपलाइन्स और दूसरे संकरे क्षेत्रों में अपर्याप्त वायु संचरण के कारण अक्सर विषप्रभाव की गंभीर घटनायें घटती हैं। विषप्रभाव अक्सर बेहद तीखा होता है। ऐसे संकरे क्षेत्र में कार्य आरंभ करने से पहले जांच लें कि रूम किसी गैस से मुक्त है और पर्याप्त ऑक्सीजन उपलब्ध है।

Special Activities and Tools

Working in Congested Areas

Serious cases of poisoning have occurred during work in containers, boilers, silos, w ells, pipelines and other Congested areas with insufficient ventilation Poisoning is usually acute. Ensure that before you start work in congested areas, the room is free of gas and contains enough oxygen.

इन प्रश्नों पर विचार करें:

- गैस जोखिम
- आग जोखिम
- ऑक्सीजन की कमी

आपको ऐसे टैंक या रूम में कार्य करना पड़ सकता है, जिसमें ज्वलनशील तरल या गैस उपस्थित हो सकते हैं। सक्षम अधिकरण द्वारा पूर्व परीक्षण मापनों के आधार पर जारी किया गया कार्य अनुमति प्रमाणपत्र प्राप्त करें।

उच्च और मध्यम वोल्टेज के सिस्टम का इंस्टालेशन या आपरेशन करते समय हमेशा नियमों का पालन करें। अतिरिक्त जानकारी के लिये व्यापार संगठनों द्वारा जारी नियमों और शर्तों के मसौदों पर सलाह करें।

Address these questions:

- Gas danger?
- Fire danger?
- Lack of oxygen?

Must you carry out work in a tank or room, which contained inflammable liquids or -gasses? (Obtain a working permission certificate» issued by a competent authority, based on prior test Measurements.)

Always follow the regulations for installation and operation of High- and Medium Voltage systems. For additional information consult the rules and regulations issued by the trade organizations.

रेगुलेशन के लिये महत्त्वपूर्ण विषय:

- इंस्टालेशन कार्य के लिये उपकरण का बिजली रहित होना(बिजली सम्पर्क से अलग होना और अर्थिंग या शार्टसर्किट मुक्त होना) आवश्यक है। उच्च वोल्टेज वाले इंस्टालेशन के समय इसे अनिवार्य रूप से बिजली रहित होना और ग्राउंडेड होना चाहिए।
- प्लानिंग पूर्णतया होनी चाहिए और एक लाइव इंस्टालेशन में या इसके करीब कार्य करते समय एक एसजेए अनिवार्य रूप से होना चाहिए।
- सभी शामिल लोग सुरक्षा नियमों का सम्पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त होने चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके पास जरूरी सुरक्षा जानकारी है।
- जरूरी उपकरण (प्राथमिक चिकित्सा और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण) कार्यस्थल पर अवश्य ही उपलब्ध होने चाहिए।

Important Topics from the Regulations*:*

- The aim shall be to work on the installation while de-energized (disconnected and grounded or Short-circuited). When working on a High-Voltage installation it must be de-energized and grounded.
- The planning must be thorough and a SJA must be carried out when working at or near a live installation.
- All involved personnel must have completed training in safety regulations. Each individual must en sure that he has the required safety knowledge.
- Required equipment (first aid - and personal safety equipment) must be available at the working site.

विद्युत इंस्टालेशन

- जोखिम से बचाव के लिये
- एक इलेक्ट्रीशियन को अपने डिप्टी या प्रोफेशनल इंजीनियर से पूर्व सलाह के बिना (उच्च वोल्टेज इंस्टालेशन के समय) सुरक्षा प्रमुख की जिम्मेदारी स्वयं नहीं उठानी चाहिए।
- सुरक्षा पहलू के बारे में कोई संदेह होने पर हमेशा सुरक्षित कार्य परिचालन के लिये जिम्मेदार इंजीनियर या उसके डिप्टी से सम्पर्क करें।

Electrical Installation

- To Avoid Risks
- An electrician shall not take the responsibility as the safety leader (High-Voltage installation) without prior consultation with the
  Professional Engineer or his deputy.
- When in doubt about safety matters always contact the engineer responsible for safe operation and work or his deputy.

जीवन बचाने वाले उपाय

- कार्य स्थिति की सही जांच करें।
- फिर से कनेक्शन करने के लिये, सुरक्षित रूप से कनेक्शन काटकर जांच करें।
- अन्य जीवित पुर्जों से सुरक्षा रखें।
- नंगे कंडक्टर्स के करीब होने पर खास सावधानी बरतें।
- इंस्टालेशन निष्क्रिय होने की स्थिति में जांच करें।
- अर्थिंग और शार्ट सर्किट को जांचें।
- कार्य हेतु अनुमति जारी करें।

Steps That Save Lives

- Clearly identify the work location
- Disconnect and secure against reconnection
- Protect against other live parts
- Take special precautions when close to bare conductors
- Check if the installation is dead
- Carry out earthing and short circuiting
- Issue a permit to work

विद्युत सुरक्षा-अस्थायी इंस्टालेशन

- सभी विद्युत टर्मिनलों को पूरी तरह से सॉकेट आउटलेट असेम्बली बॉक्स में ढंका जाना चाहिए।
- केवल औद्योगिक प्लग का प्रयोग करें, 3 पिन के प्लगों की अनुमति विनिर्माण कार्यस्थलों पर नहीं है।

- बिजली के केबलों को भूमि पर न छोड़ें, खासकर गीले होने की स्थिति में। तारों को ऊपर उठायें।
- इससे विद्युत शॉक लगने की संभावना खत्म होगी और ट्रिपिंग समस्याएं या केबल के क्षतिग्रस्त होने की संभावना भी नहीं रहेगी।
- किसी भी विद्युत इंस्टालेशन से छेड़छाड़ न करें।

Electrical Safety – Temporary Installations

- All electrical terminals must be totally enclosed in the socket-outlet assembly box
- Use only industrial plugs. 3-pin plugs are not allowed to be used in construction sites
- Do not leave electrical cables on the ground especially when they are wet. Elevate the wires.
- This will prevent electrical shock, tripping hazards and damaging the cables
- Do not tamper with any electrical installation

4. काष्ठ कला उद्योग में सुरक्षा

.

हस्तचालित उपकरणों का उपयोग करते समय

- उपकरण रखने के लिये बंधे हुए कंटेनरों का प्रयोग करें, ताकि पाढ़/मंच या अन्य उठे हुए कार्य प्लेटफार्मों से औजार नीचे नहीं गिरें।
- सभी तेजधार औजारों को म्यान या होलस्टर में रखें।
- पुराने, क्षतिग्रस्त औजारों को नष्ट कर दें।
- झटका देने वाले औजारों, जैसे हथौड़ा, रूखानी, छेनी, या स्टील स्टेक्स आदि का प्रयोग न करें जिनके सिरे फैल चुके हों।

- हाथ की कुल्हाड़ी से कार्य करते समय अपने सिर से ऊपर उठाकर काटने के लिये प्रहार मत करें।
- अगर औजारों पर या आपकी जेब में म्यान नहीं बनी है तो तीखे या नुकीले औजारों, जैसे पेंचकस, स्क्राइब्स, एविएशन स्निप्स, स्क्रेपर्स, चिजेल्स या फाइल्स आदि को अपनी जेब में यूं ही रखकर मत ले जायें।
- चढ़ते समय औजारों को अपने हाथ में मत थामें। औजारों को औजारों वाली बेल्ट में लगायें या हैंड लाइन के जरिये औजारों को कार्यस्थल पर पहुंचाएं।
- पाढ़ या अन्य ऊंचे प्लेटफार्मों से औजारों को एक स्थल से दूसरे स्थल या एक कार्मिक से दूसरे कार्मिक की ओर मत फेंकें।

Safety in the wood working industry

When using hand tools

- Use tied-off containers to keep tools from falling off of scaffolds and other elevated work platforms .
- Carry all sharp tools in sheaths or holsters.
- Discard old/damaged tools
- Do not use impact tools such as hammers, chisels, punches or steel stakes that have mushroomed heads.

- Do not chop at heights above your head when working with a hand axe.
- Do not carry sharp or pointed hand tools such as screwdrivers, scribes, aviation snips, scrapers, chisels or files in your pocket unless the tool or pocket is sheathed.
- Do not carry tools in your hand when climbing. Carry tools in tool belts or hoist the tools to the work area with a hand line.
- Do not throw tools from one location to another, from one employee to another, from scaffolds or other elevated platforms.

रूखानी से कार्य करते समय:

- रूखानी की धार तेज रखें।
- क्षतिग्रस्त स्ट्राइकिंग फेरूल्स वाली रूखानियां इस्तेमाल मत करें।
- एक छोटे वर्कपीस को शिकंजे में कसें और स्टेशनरी जॉ की ओर चिप करके रूखानी से कार्य करें।

When working with Chisels

- Keep the cutting edge of the chisel sharp.
- Do not use chisels with damaged striking ferrules.
- Clamp a small work-piece in a vise and chip towards the stationary jaw when working with a chisel.

शिकंजे पर कार्य करते समय:

- चीजों को पकड़ने के लिये सी-क्लैम्प का प्रयोग मत करें।
- एक स्थायी फास्टनिंग उपकरण के रूप में सी-क्लैम्प का प्रयोग मत करें।

When working with Clamps

- Do not use the C-clamp for hoisting materials.
- Do not use the C-clamp as a permanent fastening device.

हथौड़े से कार्य करते समय

- नेल्स को उखाड़ने के लिये क्लॉ हैमर का प्रयोग करें।
- हथौड़े की तली से कील या किसी अन्य वस्तु को मत ठोंकें।
- स्टील की कठोर सतह पर चोट मत करें जैसे कि ठंडी रूखानी/छेनी पर एक क्लॉ हैमर से चोट करना।
- एक हथौड़े से दूसरे हथौड़े पर चोट मत करें।
- आपके हाथ गीले, चिकनाईयुक्त या ग्रीस युक्त होने पर हथौड़ा इस्तेमाल मत करें।
- एक हथौड़े को फन्नी/फच्चर या तोड़ने वाली छड़ के रूप में या बड़े कांटों को खींचने के लिये प्रयोग मत करें।
- स्ट्राइकिंग फेस व्रेन्च पर केवल घन प्रकार के हथौड़े का उपयोग करें।

When working with Hammers

- Use a claw hammer for pulling nails and driving nail s.
- Do not strike nails or other objects with the cheek of the hammer.
- Do not strike a hardened steel surface, such as a cold chisel, with a claw hammer.
- Do not strike one hammer against another hammer.
- Do not use a hammer if your hands are oily, greasy or wet.
- Do not use a hammer as a wedge, a pry bar or for pulling large spikes.
- Use only a sledge-type hammer on a striking face wrench.

रेती या रेते के साथ कार्य करते समय:

- रेती को प्रे बार, हथौड़े, पेंचकस या छेनी की तरह इस्तेमाल मत करें।
- एक रेती या रेते का प्रयोग करते समय, रेती के हत्थे को एक हाथ से और दूसरे सिरे को दूसरे हाथ से थामें।
- रेती पर हथौड़े का प्रहार मत करें।

When working with Files/Rasps

- Do not use a file as a pry bar, hammer, screwdriver or chisel.
- When using a file or a rasp, grasp the handle in one hand and the toe of the file in the other.
- Do not hammer on a file.

संडसी के साथ कार्य करते समय:

- संडसी से अधिक बल लगाने के लिये उस पर हथौड़े का प्रयोग मत करें।
- दबाव बढ़ाने के लिये संडसी के हत्थों में पाइप मत फंसाएं।
- बिजली कार्य के लिये इंसुलेटेड हत्थों वाली संडसी का ही प्रयोग करें।
- चिटकी, टूटी या तुड़ी-मुड़ी संडसी का प्रयोग मत करें।
- विकर्णों में काटने वाली संडसी प्रयोग करते समय, काटी जाने वाली वस्तु के कटे हिस्से को अपने हाथ में कपड़ा लपेटकर या दास्ताने पहनकर थामते हुए हवा में झूलने से रोकें।

When working with Pliers

- Do not attempt to force pliers by using a hammer on them.
- Do not slip a pipe over the handles of pliers to increase leverage.
- Use pliers with insulated handles for electrical work.
- Do not use pliers that are cracked, broken or sprung.
- When using diagonal cutting pliers, shield the loose pieces of cut material from flying into the air by using a cloth or your gloved hand.

आरी के साथ कार्य करते समय:

- ब्लेड एडजस्ट करने वाली आरी, जैसे हैक सॉ, कापिंग सॉ, की होल सॉ या बो सॉ का प्रयोग मत करें यदि ब्लेड पूरी तरह तनी हुई नहीं हो।
- भोथरे दांतों वाली आरी का प्रयोग मत करें।
- आरी प्रयोग करते समय अपने हाथ और अंगुलियों को आरी की ब्लेड से दूर रखें।
- आरी को ब्लेड से थामकर मत ले जायें।
- हस्तचालित आरी प्रयोग करते समय, वर्कपीस को वर्कटेबल के सापेक्ष मजबूती से थामें।
  काष्ठकला उपकरणों, जैसे कि सर्कुलर सॉ, रेडियल सॉ या ज्वाइंटर्स का प्रयोग मत करें यदि उनमें सॉ ब्लेड पर गार्ड नहीं लगा है।
- स्ट्रोक के अंत में दबाव कम करते हुए आरी को नियंत्रित करें।
- स्क्रॉल सॉ प्रयोग करते समय, टेबल पर से लकड़ी के बेकार टुकड़ों को हटाने से पहले मशीन को रोक दें।
- होल सॉ का प्रयोग करते समय वर्कपीस को शिकंजे में जकड़ें।

When working with Saws

- Do not use an adjustable blade saw such as a hacksaw, coping saw, keyhole saw or bow saw, if the blade is not taut.
- Do not use a saw that has dull saw blades.
- Keep hands and fingers away from the saw blade while using the saw.
- Do not carry a saw by the blade.

- When using a hand saw, hold the workpiece firmly against the work table.
- Do not use wood-working equipment such as circular saws, radial saws or jointers if they do not have guards on the saw blade.
- Keep control of saws by decreasing downward pressure at the end of the stroke.
- When operating scroll saws, stop the machine before removing scrap pieces from the table.
- Clamp work when using a hole saw.

कतरनी का प्रयोग करते समय:

- वस्तुओं को स्निप्स से काटते समय सुरक्षा शीशे या सुरक्षा चश्मे का प्रयोग करें।
- वस्तुओं को स्निप्स से काटते समय दास्ताने प्रयोग करें।
- गोलाकार काटते समय स्ट्रेट कट स्निप्स का प्रयोग मत करें।

When working with Snips

- Wear safety glasses or safety goggles when using snips to cut materials.
- Wear work gloves when cutting materials with snips.
- Do not use straight cut snips to cut curves.

शिकंजे का प्रयोग करते समय:

- एक लम्बे वर्कपीस को शिकंजे में कसते समय, वर्कपीस के सिरों को एक एडजस्टेबल पाइप स्टैंड, सॉ हॉर्स या बॉक्स के प्रयोग से रोकें।
- वर्कपीस को शिकंजे में यूं रखें कि जॉ का पूरा फेस वर्कपीस को जकड़ ले।
- ऐसे शिकंजे का प्रयोग मत करें, जिसके जॉ इंसर्ट्स कटे-फटे या टूटे हों, या शिकंजे की बॉडी में चिटकन या दरारें हों।
- अधिक दबाव बनाने के लिये शिकंजे के हत्थे पर पाइप मत फंसाएं।

When working with Vises

- When clamping a long workpiece in a vise, support the far end of the workpiece by using an adjustable pipe stand, saw
- horse or box.
- Position the workpiece in the vise so that the entire face of the jaw supports the workpiece.
- Do not use a vise that has worn or broken jaw inserts, or has cracks or fractures in the body of the vise.
- Do not slip a pipe over the handle of a vise to gain extra leverage.

पेंचकस का प्रयोग करते समय:

- अधिक दबाव बनाने के लिये शिकपेंच के सिरे पर बिल्कुल फिट बैठने वाले पेंचकस ब्लेड का साइज मिलाकर प्रयोग करें।
- पेंचकस प्रयोग करते समय वर्कपीस को अपने शरीर से मत रोकें।
- कोई पेंच कसते समय अपनी अंगुलियों को पेंचकस ब्लेड के निकट मत लायें।
- पेंच के लिये शुरूआती छेद बनाने के लिये एक सूए, ड्रिल या कील का प्रयोग करें।
- पेंचकस पर बल लगाने के लिये हथौड़े या संडसी से मत ठोकें।
- पेंचकस को पंच/छेनी/प्रेबार/ कील उखाड़ने के लिये प्रयोग मत करें।
- बिजली कार्य के लिये इंसुलेटेड हत्थे वाले पेंचकस का प्रयोग करें।
- गीले, तेल लगे हाथों से पेंचकस का प्रयोग मत करें।
- एक बैटरी की चार्जिंग जांचने के लिये पेंचकस का प्रयोग मत करें।
- एक स्पाइरल रैशेट पेंचकस का प्रयोग करते समय, मजबूती से आहिस्ता-आहिस्ता नीचे को दबायें।

When working with Screw drivers

- Always match the size and type of screwdriver blade to fit the head of the screw.
- Do not hold the work-piece against your body while using a screwdriver.
- Do not put your fingers near the blade of the screwdriver when tightening a screw.
- Use an awl, drill or a nail to make a starting hole for screws.
- Do not force a screwdriver by using a hammer or pliers

- Do not use a screwdriver to punch/ chisel/ pry bar/pull nails.
- Use a screwdriver with insulated handle for electrical work.
- Do not use a screwdriver with wet/oily hands
- Do not use a screwdriver to test the charge of a battery.
- When using a spiral ratchet screwdriver, push down firmly and slowly.

बिजली उपकरणों का प्रयोग करते समय

- ड्रिल, सॉ, वैक्युम क्लीनर, फ्लोर पॉलिशर्स, मोवर्स, स्लाइसर्स, नाइव्स, ग्राइंडर्स, आयरन्स और प्रेसेज का इस्तेमाल करते समय इनके मार्ग से बिजली के तार को दूर रखें।
- प्लग लगे उपकरणों या औजारों को स्विच पर अपनी अंगुलियों के साथ मत ले जायें।
- क्षतिग्रस्त तार वाले उपकरणों या औजारों का प्रयोग मत करें।
- उपकरणों या औजारों को तार से मत थामें।
- औजार को बिजली आउटलेट से अलग करने के लिये प्लग थामकर निकालें, तार पकड़कर नहीं।
- मरम्मत से पहले डिस्कनेक्ट करें।
- औजार को प्लग लगाने या निकालने से पहले स्विच ऑफ कर दें।
- औजारों को ऑन अवस्था में बिना निगरानी के मत छोड़ें।
- बिजली उपकरणों या औजारों का तब प्रयोग मत करें, जब आपके हाथ गीले हों या आप गीले फर्श पर खड़े हों।
- चिनगारियां उत्पन्न करने वाले उपकरणों, जैसे कि ग्राइंडर्स, ड्रिल्स या सॉ आदि को 'ज्वलनशील' का लेबल लगे कन्टेनरों के

पास या विस्फोटक वातावरण जैसे कि पेंट स्प्रे बूथ में प्रयोग मत करें।
- किसी अकेले आउटलेट में बिजली के कई उपकरण न जोड़ें।
- दरवाजों, छत, दीवार या फर्श के सुराखों से बिजली के विस्तारित तारों को मत निकालकर ले जायें।
- बिजली के हस्तचालित या पोर्टेबल उपकरण को दो कांटे वाले एडॉप्टर या दो कंडक्टर वाले एक्सटेंशन कार्ड के साथ प्रयोग मत करें।
- बिजली के हस्तचालित उपकरण को तब प्रयोग मत करें, जब आपने गीले सूती दास्ताने या गीले चमड़े के दास्ताने पहने हों।
- बिजली के उपकरणों को नंगे पैर आपरेट मत करें। रबर के तले वाले या इंसुलेटेड वर्कबूट पहनें।
- बिजली के हस्तचालित उपकरण को तब प्रयोग मत करें, जब इसकी मेटल केसिंग या कोई भाग या एक्सटेंशन कार्ड आपने हाथ में पकड़ा हुआ हो। बिजली के सभी पोर्टेबल उपकरणों को प्लास्टिक के हत्थे से थामें या दूसरे कुचालक भागों से, जिनको थामने के प्रयोजन से बनाया गया हो।
- बिजली के हस्तचालित या पोर्टेबल उपकरण को तब प्रयोग मत करें जब तीन कांटों वाले इसके पॉवर प्लग की अर्थिंग वाली पिन गायब हो या टूटी हो।

WHEN HANDLING ELECTRIC TOOLS

- Keep power cords away from the path of drills, saws, vacuum cleaners, floor polishers, mowers, slicers, knives, grinders, irons and presses.
- Do not carry plugged-in equipment or tools with your finger on the switch.

- Don’t use tools with damaged cords.
- Do not carry equipment or tools by the cord.
- Disconnect the tool from the outlet by pulling on the plug, not the cord
- Disconnect before repairing
- Turn the tool off before plugging or unplugging it.
- Do not leave tools that are "On" unattended.
- Do not handle or operate electrical tools when your hands are wet or when you are standing on wet floors.
- Do not operate spark inducing tools such as grinders, drills or saws near containers labeled "Flammable" or in explosive atmosphere such as a paint spray booth.
- Do not connect multiple electrical tools into a s ingle outlet.
- Do not run extension cords through doorways, through holes in ceilings, walls or floors.
- Do not operate a power hand tool or portable appliance with a two-pronged adapter or a two-conductor extension cord.
- Do not use a power hand tool while wearing wet cotton gloves or wet leather gloves.
- Never operate electrical equipment barefooted. Wear rubber-soled or insulated work boots.
- Do not operate a power hand tool or portable appliance while holding a part of the metal casing or holding the extension cord in your hand. Hold all portable power tools by the plastic hand grips or other nonconductive areas designed for gripping purposes.
- Do not operate a power hand tool or portable appliance if the ground pin from the three pronged power plug is missing or has been removed.

Health & Safety

No machine guards / obstructions to hold easy movement of hand
Use of PPEs missing - Hand Gloves
Use of PPEs missing - Eye Shields
No distance with co-worker

Extremely bad house keeping.
Exit blocked, Aisles escape routes blocked.
Material spread vulnerable for fire.
Dont' know what the drum is in side.
Flammable material risk of fire.

The tube lighting needs to be guarded
The aisles are not marked
Loose electric connections of the machines
No effective machines guards.
Congestion

Health & Safety

Wearing Safety Helmets conrtruction site

Prorer use of PPEs - Safety Helme
Prorer use of PPEs - Eye Shields
Prorer use of PPEs - Ear guard

Prorer use of PPEs - Mask (for Dust & Fume)
Prorer use of PPEs - Eye Shields
Prorer use of PPEs - Apron

Prorer use of PPEs - Mask
Prorer use of PPEs - Hand Gloves
Prorer use of PPEs - Rubber Boots

Prorer use of PPEs - Mask (for cotton Dust)

Prorer use of PPEs - Hand Gloves
(for the safety of hand from chemicals)

Health & Safety

Clean and hygienic place of work meeting
some safety norms.

Fire Extinguishers to meets Fire Emergency
Adequate provision is made for the fighting of fire and evacution in all areas of
the factory or production site.

Health & Safety

Suffcient workers are to be trained in the use of hose real & fire equipments.
by conduction fire drill.

First aid boxes should be abailable in all areas of the factory.
well stocked & with appropriate equipment & workers are to be trained.

MSDS

- MSDS should be in place and workers are to be trained on the use of relevant chemicals.
- Appropriate precautions are to be in place in case of an accident/spill.

Health & Safety

Clean and hygienic bathroom facilities.

Clean and Safe Drinking Water workers.

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
Export Promotion Council For Handicrafts
(Sponsored by Ministry of Textiles, Govt. on India)
"EPCH HOUSE" Pocket 6 & 7, Sector-'C', LSC
Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 (10 lines) Fax: +91-11-26135518/19
E-mail: epch@vsnl.com Website: www.epch.in, www.epch.com

Printed by Print Craft 5000 copy